CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 216 ▫ रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




## नक्सलियों की कायराना करतूत, शिक्षादूत को अपहरण कर उतारा मौत के घाट





**बीजापुर,** 30 अगस्त (हाईवे चैनल)। नक्सलियों का खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है. शिक्षादूत लगातार उनके निशाने पर आ रहे हैं. शुक्रवार को नक्सलियों ने गंगालूर क्षेत्र में पदस्थ एक शिक्षादूत को अपहरण कर जंगल ले गए और उसकी हत्या कर दी. नक्सलियों की बढ़ती हिंसक वारदातें पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, नेन्द्रा में पदस्थ शिक्षादूत कल्लू ताती को नक्सलियों ने शुक्रवार शाम को स्कूल से लौटते समय अगवा कर लिया था. देर रात अपहरण के बाद उसकी हत्या कर दी गई. मृतक मूल रूप से तोड़का गांव का निवासी था।

27 अगस्त को सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने एक शिक्षादूत की निर्मम हत्या कर दी थी. घटना सिलगेर इलाके के मंडीमरका में हुई, मृतक का नाम लक्ष्मण बारसे बताया गया. वह मूल रूप से बीजापुर के ग्राम पेगड़ापल्ली का निवासी था और लक्ष्मण सिलगेर में शिक्षादूत के रूप में कार्यरत था। बता दें कि क्षेत्र में बीते 24 घंटे के दौरान नक्सलियों की यह दूसरी कायराना करतूत है. शुक्रवार को जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूरी पर ही एक 27 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर दी थी. बंद पड़े स्कूलों के पुन: संचालन के बाद से बीजापुर जिले में 6 और सुकमा जिले में 5 शिक्षादूतों की नक्सलियों द्वारा हत्या की जा चुकी है. लगातार नक्सलियों के खूनी खेल से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।


### यूएस कोर्ट से डोनाल्ड ट्रंप को दिया झटका, टैरिफ को बताया गैरकानूनी

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। टैरिफ पर यूएस कोर्ट से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। यूएस कोर्ट ने ट्रंप की तरफ से लगाए गए अधिकतर टैरिफ को गैरकानूनी करार दिया है। हालांकि इस फैसले को ट्रंप ने सिरे से खारिज कर दिया। यूएस कोर्ट के फैसले से ट्रंप भड़के हुए हैं। उन्होंने कहा कि टैरिफ अब भी लागू रहेंगे। कोर्ट का फैसला अमेरिका को तबाह कर देगा।

अमेरिकी संघीय सर्किट अपील न्यायालय ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के पहले के फैसले को बरकरार रखा है जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने टैरिफ लगाने के लिए आपातकालीन कानून का गलत इस्तेमाल किया था। लेकिन अपीलीय न्यायाधीशों ने मामले को निचली अदालत को वापस भेज दिया ताकि यह तय किया जा सके कि यह टैरिफ से प्रभावित सभी लोगों पर लागू होता है या सिर्फ मामले से जुड़े पक्षों पर। शुक्रवार को संघीय सर्किट द्वारा 7-4 के बहुमत से दिए गए फैसले से इस बात पर संशय बढ़ सकता है कि ट्रंप के टैरिफ आखिरकार लागू होंगे या नहीं। अमेरिकी अपीलीय न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि डोनाल्ड ट्रंप के पास 1970 के दशक के अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम नामक कानून का हवाला देकर टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पेंशन के लिए किया आवेदन

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी राजनीति से नहीं, बल्कि पेंशन से जुड़ी है। राजस्थान विधानसभा में पूर्व विधायक के नाते उन्होंने पेंशन के लिए आधिकारिक तौर पर आवेदन किया है। धनखड़ 1993 में अजमेर जिले की किशनगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए थे।



विधानसभा सचिवालय के मुताबिक, पूर्व उपराष्ट्रपति को मासिक 42,000 रुपए पेंशन मिलने की पात्रता है। राजस्थान में यह व्यवस्था है कि कोई व्यक्ति अगर विधायक और सांसद दोनों रह चुका हो, तो वह दोनों पदों की अलग-अलग पेंशन प्राप्त कर सकता है। कई पूर्व जनप्रतिनिधि इस दोहरी पेंशन व्यवस्था का लाभ उठा भी रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्टि की है कि धनखड़ का पेंशन फॉर्म सचिवालय को प्राप्त हो चुका है और आगे की प्रक्रिया जारी है।

धनखड़ ने हाल ही में अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया था। उन्होंने 21 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अपने त्यागपत्र की जानकारी दी थी। इस्तीफे का कारण उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बताया था। लेकिन उनका यह फैसला तब सुर्खियों में आया जब उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही पद छोड़ दिया।

### ब्रेकिंग न्यूज

### जापान में मोदी को मिला नया नाम देखते ही लोग चिल्लाने लगे 'सान' आपका स्वागत है



**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जापान यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन सेंडाई शहर पहुँचने पर बड़ी संख्या में जापानी लोगों ने मोदी सान कहकर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ बुलेट ट्रेन से टोक्यो से सेंडाई पहुँचे। प्रधानमंत्री इशिबा के साथ शिंकानसेन से इस शहर की यात्रा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में बुलेट ट्रेन में अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा सेंडाई पहुँच गया। जैसे ही वह रेलवे स्टेशन से बाहर निकले, सैकड़ों जापानी लोगों ने, जिनमें कुछ भारतीय भी शामिल थे, उनका स्वागत किया और कहा, मोदी सान, जापान में आपका स्वागत है। प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए भीड़ की ओर हाथ हिलाया। उन्होंने कुछ बच्चों से भी हाथ मिलाया।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**डोंगरगढ़,** 30 अगस्त (हाईवे चैनल)। मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के कर्मचारी परमानंद प्रसाद उर्फ़ चंदू ने शुक्रवार को ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। यह घटना स्थानीय अंडरब्रीज के ऊपर स्थित रेल ट्रैक पर हुई। जानकारी के मुताबिक, परमानंद पिछले कई दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। वहीं शुक्रवार को अचानक उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।







चूहा- सुनती हो, अमेरिका की ही अदालत ने ट्रंप की टैरिफ को अवैध बता दिया।

चुहिया- हां जी, ट्रम्प बहुत सियान हो गए हैं अब बुद्धि काम नहीं कर सकती।

## 3 बच्चे वाले बयान पर सियासत- भूपेश बघेल बोले- गुंडागर्दी करने या भाजपा को वोट देने पैदा करेंगे ? विधायक अजय चंद्राकर किया पलटवार





**रायपुर,** 30 अगस्त (हाईवे चैनल)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के 3 बच्चे पैदा करने की सलाह को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने तंज कसा था. उन्होंने कहा था कि देश की जनसंख्या वैसे ही 140 करोड़ से अधिक है, युवा बेरोजगार हैं. उन्हें नौकरी मिल नहीं रही है, तो क्या तोड़फोड़ करने के लिए, गुंडागर्दी करने के लिए, या भारतीय जनता पार्टी को वोट देने के लिए बच्चा पैदा करेंगे ? उनके इस बयान पर अब विधायक अजय चंद्राकर ने पलटवार किया है.

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि 3 बच्चे पैदा करना है या नहीं, यह अपना-अपना विचार है. आज के कांग्रेस के नेता छत्तीसगढ़ के जनहित के मुद्दे भूल चुके हैं. छत्तीसगढ़ में 14 मंत्री बनाने को लेकर कांग्रेस ने हाईकोर्ट का रुख किया है. इसे लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि जब हरियाणा में 14 मंत्री बनाए गए, तब कांग्रेस कहा थी ? हरियाणा में 14 मंत्री कैसे बने ? उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पहले हरियाणा के हाई कमान से पूछना चाहिए. वहीं उन्होंने सीएम साय के विदेश दौरे को लेकर अजय चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री साय की पहली विदेश यात्रा थी. दक्षिण एशिया के देशों का दौरा हुआ, जो औद्योगिक स्तर पर आगे हैं. जापान छोटा सा देश है, लेकिन अर्थव्यवस्था मजबूत है. इस पहल से छत्तीसगढ़ के आद्यौगिक गतिविधि में गति आएगी और रोजगार बढ़ेगा.

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, अनियंत्रित इनोवा डिवायडर से टकराकर जा घुसी दुकान में





धमतरी, 30 अगस्त (हाईवे चैनल)। बीती रात्रि शहर में दो सड़क हादसे हुए जिसमें वाहन चालक घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार हनुमान नगर पंचवटी कॉलोनी धमतरी निवासी यतीश दिवान अपने दुपहिये वाहन क्रमांक सीजी 05 वी 4917 से अम्बेडकर चौक से रुद्री की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में मवेशी से टकरा गया जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। हादसे में उसे गंभीर चोटे आई है जिसे आसपास के लोगो की मदद से श्रीराम हास्पिटल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया।

वहीं दूसरी दुर्घटना बीती रात्रि बस्तर रोड पर बाम्बे गैरेज के पास हुआ. जहां एक तेज रफ्तार इनोवा डिवायडर से टकराकर उछलते हुए एक बैटरी दुकान में जा घुसा गनीमत रहा कि हादसे रात हुआ जिससे मार्ग पर लोगों की आवाजाही कम रही व दुकान बंद था जिससे जान माल का नुकसान काफी कम हुआ।

## डीएसएफ जवानों की पुलिस कांस्टेबल के समान सुविधा की मांग वाली याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**बिलासपुर,** 30 अगस्त (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ की जनहित याचिका खारिज कर दी। डिवीजन बेंच ने दायर याचिका को जनहित याचिका नहीं माना और कहा कि यह सर्विस मैटर है। बस्तर के 4 हजार से अधिक सहायक आरक्षकों और डीएसएफ (डिस्ट्रिक्ट स्ट्राइक फोर्स) के जवानों ने पुलिस कांस्टेबल के समान सुविधा की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की थी।



### कहा- यह सर्विस मैटर है

याचिका में कहा गया था कि सहायक आरक्षकों को डीएसएफ पर प्रमोशन मिले, जवानों का वेतन और सुविधाएं डीएसएफ व जिला पुलिस बल के बराबर हों, गोपनीय सैनिकों को आरक्षक बनाया जाए। याचिका में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में मंत्रिमंडल के निर्णयानुसार सहायक आरक्षक के पद को समाप्त कर डिस्ट्रिक स्ट्राइक फोर्स (डीएसएफ) बनाने की अनुशंसा की गई थी, परंतु लगभग 2700 सहायक आरक्षकों को डीएसएफ बनाया गया था। शेष बचे आरक्षक आज भी डीएसएफ बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जबकि उन्हें मंत्रिमंडल के निर्णयानुसार तुरन्त डीएसएफ बना दिया जाना चाहिए था। ठीक उसी प्रकार जिन सहायक आरक्षकों को डीएसएफ बनाया गया है उन्हें जिला पुलिस बल के आरक्षकों के बराबर वेतन नही दिया जा रहा है और ना ही डीएसएफ जवानों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जा रही है जबकि उन जवानों से पूरे काम पुलिस आरक्षक के बराबर लिया जा रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है। याचिका में कहा गया कि इसी प्रकार से गोपनीय सैनिक भी आरक्षक बनने के इंतजार में पिछले कई वर्षों से अपनी जान की बाजी लगाकर पुलिस विभाग में सेवा दे रहे हैं, परंतु उन्हें अभी तक आरक्षक नहीं बनाया गया है। मामले में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ की याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने दायर याचिका को जनहित याचिका नहीं माना और कहा कि यह सर्विस मैटर है।

### केरेगांव में गौवंश तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार, वाहन एवं पशु किया गया जब्त

**धमतरी,** 30 अगस्त (हाईवे चैनल)। थाना केरेगांव क्षेत्र में एक सफेद रंग के पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 5 ए एन 4324 में 1 भैंसा एवं 1 भैंसी को बिना चारा-पानी के, अवैध रूप से कत्ल करने की नीयत से परिवहन किया जा रहा था। केरेगांव पुलिस टीम द्वारा वाहन को रोककर पूछताछ करने पर आरोपीगण पशुओं के परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। तत्पश्चात गवाहों की मौजूदगी में गौवंश को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया।थाना प्रभारी केरेगांव द्वारा पशु तस्करी एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध की गई प्रभावी कार्यवाही के तहत अपराध क्रमांक 17/2025 धारा 4, 6, 10 पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।गिरफ्तार आरोपियो मे नारायण साहू पिता सरजू राम साहू, 44 वर्ष, निवासी खरतुली,लोमश साहू पिता संजय साहू, 22 वर्ष, निवासी परसतराई शामिल है.आरोपीगण का कृत्य अपराध सदर धारा के अंतर्गत पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



### नो हेलमेट नो पेट्रोल

## पेट्रोल पंप एसोसिएशन 1 सितम्बर से शुरू करेगा अभियान





**रायपुर,** 30 अगस्त (हाईवे चैनल)। ये कोई नया प्रस्ताव या अभियान नहीं हैं,पहले भी चला है और बंद हो गया। सुरक्षागत दृष्टिकोण से यह निश्चित रुप से स्वागत योग्य है पर कब तक चलेगा इसकी कोई गारंटी नहीं हैं। पहले के एकाध दो महीने तक निरंतर रहेगा,बाद में धीरे-धीरे स्वत: बंद हो जायेगा और कोई संज्ञान में भी नहीं लेगा। स्थायी कैसे हो सकता है इस पर कोई प्रस्ताव रखे। रायपुर पेट्रोल पंप एसोसिएशन आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्वत: आगे आकर -नो हेलमेट नो पेट्रोल- का अभियान जिले में शुरू करने जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अखिल धगट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आज उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। श्री धगट ने कहा कि रायपुर में पिछले कई दिनों से सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के गंभीर रूप से घायल और कुछ मामलों में मौत की अत्यंत दुखद खबरें सामने आ रही हैं। इन घटनाओं में गौर करने लायक बात है कि अधिकतर दो-पहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण दुर्घटना होने पर उन्हें सर में चोट लगी। श्री धगट ने कहा कि इसे देखते हुए एसोसिएशन की बैठक में सामाजिक हित में नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। आगामी 1 सितम्बर से यह अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत हेलमेट पहनने वाले वाहन चालकों को ही पंप पर पेट्रोल दिया जाएगा। श्री धगट ने जनहितकारी इस सामाजिक कार्य में शासन-प्रशासन से सहयोग का आग्रह किया है।

CMYK